सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 288 | इंदौर, मंगलवार 30 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कलेक्टर से बोली अतिथि शिक्षक- आपका नाम लिखकर सुसाइड कर लूंगी

### सैलरी नहीं मिलने पर कलेक्टोरेट पहुंची, बिना पढ़े आवेदन पीए को देने पर भड़की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में महिला अतिथि शिक्षक कलेक्टर के सामने भड़क गई। उसने कलेक्टर शीलेंद्र सिंह से कहा- आपका नाम लिखकर सुसाइड कर लूंगी। अतिथि शिक्षक 10 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज थी।

दरअसल, जुन्नादेव के मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल के करीब 8 से ज्यादा अतिथि शिक्षक सोमवार दोपहर को कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इनमें एक अतिथि शिक्षक ममता परसाई भी थी। उनका कहना था कि वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार की आर्थिक हालत खराब हो रही है। आवेदन में समस्या के निराकरण की मांग की थी। थोड़ी देर बाद कलेक्टर शीलेंद्र सिंह वहां पहुंचे। अतिथि शिक्षकों ने कलेक्टर को आवेदन दिया। कलेक्टर ने बिना पढ़े ही आवेदन अपने पीए को थमा दिया। इसी बात पर महिला अतिथि शिक्षक की कलेक्टर से जमकर बहस हो गई। कलेक्टर ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

ममता परसाई ने कहा- यह सही नहीं है। आपको कम से कम आवेदन पढ़ तो लेना था। इस तरह का व्यवहार गलत है। हमें 10 महीने से वेतन नहीं मिला है। हमें चाहें तो हटा दीजिए। मुझे बात करना ना सिखाएं। मैं आपका नाम लेकर सुसाइड कर लूंगी। इधर, कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने भी ममता परसाई को जमकर फटकारा। कहा- पहले बात करना सीखिए। आराम से अपनी बात रखिए। जिस तरह आप बात कर रही हैं, उससे लगता है कि बच्चों को क्या पढ़ाती होंगी। इस पूरे घटनाक्रम के वक्त कलेक्टोरेट में अन्य अफसर, अतिथि शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद थे।

अतिथि शिक्षक ममता परसाई जुन्नारदेव हायर सेकंडरी स्कूल में जीव विज्ञान वर्ग 1 की टीचर हैं। यहां 12 में से 8 अतिथि शिक्षक हैं। ममता परसाई का कहना है कि समस्या के निराकरण के लिए जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल को भी आवेदन दिया। डीईओ गोपाल सिंह बघेल ने बताया, शिक्षकों का वेतन ऑनलाइन जनरेट नहीं हुआ था। कलेक्टर ने ऑफलाइन वेतन के आदेश दिए हैं। इसी वजह प्रक्रिया में समय लग गया था। अतिथियों का वेतन रुका है। उनका वेतन एक-दो दिन में ऑफलाइन कर दिया जाएगा।

## रेप के बाद प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना में एक युवक ने प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी ने पहले उसे खंडहर में मिलने बुलाया था। यहां जबरन दुष्कर्म किया। जब प्रेमिका ने इस बारे में परिवार को बताने की बात कही तो प्रेमी ने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव खंडहर में रखे कंडों में छिपा दिया। घटना धरनावदा के झागर चौकी क्षेत्र की है। चौकी प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि 24 अप्रैल को युवती की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 19 साल की बेटी 22 अप्रैल से लापता है। पुलिस ने लड़की की मां, उसके भाई और चाचा के बयान दर्ज किए थे।

परिजनों ने गांव के ही एक युवक रिंकु लोधा (22) पर शक जताया था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार को उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी युवक ने रेप के बाद हत्या करना स्वीकार कर लिया। उस पर हत्या, रेप और सबूत छिपाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

आरोपी रिंकू लोधा ने पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल को उसने प्रेमिका को मिलने बुलाया। वह उसे गांव के ही एक खंडहर में ले गया। यहां एक कमरा है। जिसमें बाहर से ताला लगा था। खंडहर के मालिक ने इसमें कंडे भर रखे हैं। कमरे में पीछे की दीवार थोड़ी टूटी है। इसी जगह से वह युवती को अंदर ले गया और उसके साथ गलत काम किया।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद उसे लगा था कि वह पकड़ में आ जाएगा। किसी को शक न हो इसलिए वह गांव से दूर चला गया।

# लोकतंत्र का चीरहरण!




## देश का सबसे स्वच्छ शहर में अस्वच्छ राजनीति का घटिया स्वरूप : राकेश सिंह यादव

**कांग्रेस कहिन..**

"कांग्रेस उम्मीदवार के सहारे व्यक्तिगत राजनैतिक लाभ के लिए भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी का नुक़सान करने के षड्यंत्र से भाजपा का होगा बड़ा नुक़सान।"

**-राकेश सिंह यादव, महासचिव**
**म.प्र.कांग्रेस कमेटी**

1. इंदौर, राजनैतिक महत्वकांक्षा जब पूर्ण नहीं होती हैं तो अपने पराये सब दुश्मन नज़र आते हैं।
2. ऐसा ही दृष्य इंदौर की राजनीति में देखने को मिल रहा हैं।
3. प्रारंभ से इंदौर में भाजपा की राजनीति बिसात देखें तो सबसे पहले सांसद शंकर लालवानी के टिकिट का विरोध और टिकिट कटने की घोषणा खुलेमंच से की गई।
4. लेकिन घोषणा को भाजपा के हाईकमान ने झूठा साबित कर दिया। इसके बाद खिसियानी बिल्ली खम्बों नोचने की स्थिति निर्मित हो गई।
5. अब यक्ष प्रश्न था साख कैसे बचाये और भाजपा हाईकमान के सामने नम्बर कैसे बढ़ाएँ.?
6. सलाहकारों द्वारा जमकर मशक़्क़त करने के बाद रास्ता निकाला की अगर शंकर लालवानी अधिक मतों से जीत गये तब केंद्र में अगर सरकार बनी तो मंत्री बनने से रोक नहीं पायेंगे ।
7. अगर केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री बन गये तो कुछ लोगों का क़द कम हो जाएगा।
8. अब दो रास्ते निकाले गये पहला यह की मतदान कम कराने का प्रयास किया जाये तथा दूसरा यह की कांग्रेस के उम्मीदवार को सरेंडर कराने के लिए ऑपरेशन लोटस किया जायें।
9. कांग्रेस में कुछ ख़ास आस्तीन के सांप बिना आवाज़ वाले बम को डिफ्यूज करने में सफल हो गये।
10. कांग्रेस में आस्तीन के सांपों ने बम डिफ्यूज करके भाजपा के एक गुट के पाले में छोड़ने के बाद भाजपा के एक गुट समर्थकों द्वारा डिफ्यूज बम की उपलब्धि के क़सीदे सोशल मीडिया पर गढ़ने लगें।
11. लेकिन भाजपा का दिल्ली दरबार बड़ा होशियार हैं।
12. पहले ही प्रथम और द्वितीय चरण में भाजपा के ख़राब प्रदर्शन की खबरों ने मोदी-शाह की जोड़ी को हैरान परेशान कर रखा हैं।
13. भाजपा से जुड़े सूत्र बता रहें हैं की ऐसी विकट परिस्थितियों मे इंदौर में डिफ्यूज बम को भाजपा की लगभग जीती हुई सीट पर लोटस ऑपरेशन करके भाजपा में शामिल कराना भाजपा हाईकमान को रास नहीं आ रहा हैं।
14. इस घटनाक्रम से भाजपा हाईकमान को सारे देश में भाजपा के खिलाफ नकारात्मक संदेश पहुँचता हुआ दिख रहा हैं।
15. जिसका बड़ा नुक़सान तीसरे और चौथे चरण के मतदान में होने की संभावना हैं।
16. वहीं प्रदेश एंव देश की जनता को यह भी समझ आ रहा हैं की चंद लोग स्तरहीन राजनीति करके लोकतंत्र के स्तम्भ को चकनाचूर कर रहें हैं। इससे देश में लोकतंत्र का फ़ायदा कम और नुक़सान ज्यादा हो रहा हैं।
17. भाजपा हाईकमान यह बेहतर समझता हैं की स्वार्थ की राजनीति के चलते भाजपा हाईकमान के सामने अपने नम्बर बढ़ाने और भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी की संभावित जीत को घटाने की कोशिश लगातार कुछ भाजपा नेताओं द्वारा की जा रही हैं, क्योंकि अगर जीतने के बाद संभवत:अगर सरकार बने तब शंकर लालवानी मंत्री नहीं बनने देने का षड्यंत्र रचा जा रहा हैं।
18. यह स्वार्थ सिद्धी का सार्थक प्रयास चंद भाजपा नेताओं द्वारा किया गया हैं।
19. देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर सबसे अस्वच्छ राजनीति का घटिया शहर बनकर देश के सामने आया हैं।
20. लोकतंत्र की मर्यादाओं को तारतार करके इंदौर के मतदाताओं की आत्मा को छलनी कर दिया हैं।
21. इंदौर के इतिहास में आज का दिन लोकतंत्र की प्रकिया को कलंकित करने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा।

सोशल मीडिया से साभार...

# तापमान बढ़ते ही जल उठे मध्य प्रदेश के जंगल, डेढ़ महीने में 550 बार सुलगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी का मौसम शुरू होते ही जंगल भी सुलगने लगे हैं। मध्य प्रदेश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं एक के बाद एक हो रही है। पिछले 45 दिनों के भीतर 550 से ज्यादा बार जंगल में आग लग चुकी है। अकेले इंदौर वनमंडल में आग लगने की 200 घटनाएं सामने आ चुकी है, जिसमें इंदौर, चोरल, महू और मानपुर वनक्षेत्र शामिल है।**



इन चारों रेंज के कुछ वनक्षेत्र ऐसे भी हैं जहां 15 मार्च से 29 अप्रैल के बीच दो से तीन बार आग लगी है। इसी तरह रायसेन, छिंदवाड़ा, खंडवा, सागर, उज्जैन, सिवनी, रीवा, कान्हा टाइगर रिजर्व, ग्वालियर सहित अन्य वृत्त में भी बीते साल की तुलना में इस बार जंगल जलने की घटनाएं अधिक हो रही है।

जंगल में आग की घटना पर सेटेलाइट से नजर रखी जाती है। यह काम फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआइ) करता है। इस फायर सिस्टम से मध्यप्रदेश का वन विभाग भी जुड़ा हुआ है। आग लगते ही तत्काल सीसीएफ, सीएफ, एसडीओ और रेंजर को जानकारी भेजते है। आग पर काबू पाने के बाद स्टाफ फीडबैक देता है कि आग कितनी देर में बुझाई, जंगल का कितना नुकसान हुआ आदि। वेबसाइट पर दर्ज आकड़ों के हिसाब से 15 मार्च से 29 अप्रैल के बीच 550 से ज्यादा बार जंगल जला है। इंदौर वनमंडल के इंदौर और चोरल रेंज में सबसे ज्यादा आग लगी है। विभाग के मुताबिक आग की वजह से 50 से 60 हैक्टेयर जंगल को नुकसान हुआ है।

इंदौर रेंज में आग लगने की घटना के पीछे अधिकारियों का तर्क है कि यहां अधिकांश जंगल शहरी सीमा से लगा है। यहां खेतों में पराली जलाने के दौरान आग जंगल तक फैल जाती है। वनकर्मी बताते है कि ग्रामीण अंधविश्वास के चलते मन्नत पूरी होने पर जंगल में आग लगते है। खासकर बेटा होने पर वनग्रामों के आसपास के जंगल में ग्रामीण इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। कुछ मामलों में यह भी सामने आया है कि अवैध कटाई को छिपाने के लिए भी आग लगाई जाती है।

## घोटालेबाज 5 फर्म की 2015 से अब तक के काम की सारी फाइलें जब्त

### निगम की जांच समिति 2 दिन में दे देगी अपनी रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के करोड़ों रुपए के घोटाले में शामिल पांच फॉर्म की 2015 से लेकर अब तक के सारे कामकाज की फाइलें जप्त हो गई है । नगर निगम के द्वारा गठित की गई जांच समिति अगले दो दिन में अपनी रिपोर्ट सौप देगी ।**

निगम आयुक्त शिवम वर्मा के द्वारा बनाई गई जांच समिति के अध्यक्ष अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने बताया कि 28 करोड रुपए की गड़बड़ी करने की कोशिश में जो पांच फर्म सामने आई उनके पुराने कार्यों की जांच शुरू कर दी गई है । इन फर्मों के नाम पर 2015 से लेकर अब तक जितना भुगतान जारी हुआ वह सारी जानकारी जुटा ली गई है । इसके साथ ही साथ इस अवधि में इन फर्मों की ओर से पेमेंट के लिए जो भी फाइल लगाई गई वह सारी फाइल जप्त कर ली गई है ।

इन सारी फाइल को जांच की परिधि में लिया गया है । इसमें जांच करके अब यह देखा जाएगा कि इनमें से कौन सी फाइल बिना काम किये फर्जी रूप से तैयार कर लगाई गई और कौन सी फाइल काम के बाद लगाई गई है । इन पांच फर्मों की करीब 190 फाइल जब्त की गई है । इन सभी फाइल के परीक्षण का कार्य शुरू हो गया है । इस कार्य को तेजी के साथ किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि उनकी जांच कमेटी के द्वारा अगले 2 से 3 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट निगम आयुक्त को सौंप दी जाएगी । इसके बाद फिर आगे की कार्रवाई शुरू होगी ।

## जैनत्व बाल संस्कार शिविर-बच्चों को सिखाई जा रही श्रद्धा, आस्था व आचरण की बातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राइट बिलीव, राइट नॉलेज, राइट कंडक्ट यानी सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान, सच्चा आचरण इन तीनों की त्रिवेणी ही सच्चा मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती है। जिस प्रकार रस्सी तीन धाराओं से मिलकर मजबूत होती है, जिससे ऊपर चढ़ा जा सकता है उसी प्रकार इस त्रिवेणी से मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।**



एरोड्रम रोड़ स्थित साधना नगर जिनालय में आयोजित हो रहे जैनत्व बाल संस्कार शिक्षण शिविर के अंतर्गत बच्चों को देशभर के विभिन्न राज्यों से आए युवा विद्वानों द्वारा धर्म के साथ जीवन जीने की कला सिखाई जा रही है। आज के लौकिक जीवन में इनका सही मायने में जीवन जीने का अत्याधिक महत्व है। विभिन्न विषयों पर लगभग 600 बच्चों को विभिन्न क्लास में धार्मिक, आध्यात्मिक, संसारिक जीवन जीने की कला के साथ संस्कारों का बीजारोपण किया जा रहा है। सामूहिक कक्षा में जिनेन्द्र अभिषेक विधी, पूजा, णमोकार महामंत्र का महत्व, तीर्थंकर और उनके चिह्न आदि की जानकारी दी जा रही है।

शिविर के प्रमुख संयोजक विजय बडजात्या एवं पं. तेजकुमार गंगवाल ने बताया कि सुबह 6.30 पर सभी बच्चे विभिन्न साधनों के माध्यम से पहुंचकर पूर्ण उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। शिविर लगभग 11.45 तक लगाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके माता-पिता भी बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों को भेज रहे हैं। इस दौरान बच्चों को स्वल्पाहार, भोजन एवं शीतल पेय पदार्थ भी निःशुल्क दिया जा रहा है।

शिविर के प्रमुख संयोजक विजय बडजात्या ने बताया कि यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क होकर श्री दिगंबर जैन कुन्दकुन्द परमागम ट्रस्ट द्वारा साधर्मियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को संपन्न करने हेतु अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा फेडरेशन के सुनील जैन, मनीष जैन, रितेश जैन, रूपेश जैन, मनीष जैन के अलावा अन्य सदस्य व मुमुक्षु महिला मंडल साधना नगर, यंग जैन प्रोफेशनल के सदस्यों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। शिविर में मुंबई से पधारे विद्वान ब्रह्मचारी पं.निखिल शास्त्री के प्रवचनों का लाभ सभी को प्राप्त हो रहा है व बच्चों की भी एक विशेष कक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी के सामने 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अचानक अपना नामांकन वापस ले लिया। इतना ही नहीं, वे कांग्रेस भी छोड़ गए और भाजपा की सदस्यता ले ली। इस प्रकार इंदौर में अब कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं बची जिससे लोकसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी की राह बहुत आसान हो गई है।**

इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा लोकसभा चुनाव से नामांकन वापस लेने और भाजपा का दामन थामने के पीछे मप्र भाजपा के सीनियर नेता और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सबसे बड़ा हाथ है। उन्होंने पर्दे के पीछे रहकर ऐसी गोटियां चलीं कि विपक्षी हक्के बक्के रह गए। हालांकि अक्षय बम के नामांकन वापस लेने और कांग्रेस छोड़ने के बाद भी विजयवर्गीय की मंशा अधूरी ही रही। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में भी सूरत जैसा कांड दोहराना चाहते थे। जैसे सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन निरस्ती के बाद सभी निर्दलीयों को भी लोकसभा के



लिए चुनाव मैदान से हटाकर भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध विजयी बना दिया गया था, विजयवर्गीय ऐसा ही इंदौर में भी करना चाहते थे। पर उनकी यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। भाजपा नेता कांग्रेस उम्मीदवार को तो मैदान से हटाने से सफल रहे पर सभी निर्दलीयों को नहीं साध सके। अक्षय बम के साथ सोमवार को कुल 8 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए लेकिन इसके बाद भी इंदौर लोकसभा के लिए कई प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। यानि भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध जिताने की कैलाश विजयवर्गीय की मंशा पूरी नहीं हुई। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अक्षय कांति बम द्वारा नामांकन वापसी के बाद भी यहां भाजपा प्रत्याशी के सामने 14 प्रत्याशी चुनावी मैदानी में हैं। इनमें अधिकांश निर्दलीय हैं लेकिन बहुजन समाज पार्टी, जनता कांग्रेस, अखिल भारतीय परिवार, जन संघ, सोसाइटी यूनिटी सेंटर आफ इंडिया जैसे दलों के प्रत्याशी भी शामिल हैं। अब कांग्रेस इन्हीं दलों के किसी प्रत्याशी या मजबूत निर्दलीय को समर्थन देकर भाजपा को चुनौती देने पर विचार कर रही है।

## आज जारी होगा एमजीएम मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा के संशोधित परिणाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग का संशोधित परिणाम सोमवार को जारी होगा। दरअसल बुधवार को बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन की बैठक में दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया था। जिसके विरोध में गुरुवार को एबीवीपी के साथ विद्यार्थियों ने जबलपुर स्थित मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया और कहा कि अंक देने में परीक्षकों द्वारा गड़बड़ी की गई, इसमें हमारी क्या गलती है। हमारी परीक्षा दोबारा क्यों ली जा रही है। इसके बाद दोबारा बैठक कर इसमें चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि परीक्षा दोबारा नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि छात्र हित में हमने हमारा निर्णय वापस लिया है। वहीं उपरोक्त त्रुटि के कारण एमजीएम मेडिकल कॉलेज की छवि को नुकसान पहुंचा है। जिसके लिए सभी नौ परीक्षकों को दो वर्ष के लिए परीक्षा से वंचित किया जाता है। इसमें एमजीएम के मुख्य परीक्षक डॉ. अरविंद शुक्ला, डा. फरीद खान सहित अन्य परीक्षक शामिल है।

### परीक्षकों को कारण बताओ नोटिस

डीन डॉ. संजय दीक्षित ने आंतरिक परीक्षक डॉ. शुक्ला, डॉ. संजय महाजन, डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. महेंद्र सोलंकी और डॉ. खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें उनसे पूछा गया कि परिणाम जारी करने में गड़बड़ी का क्या कारण रहा। इसके साथ ही एचओडी सर्जरी विभाग डॉ. मनीष कौशल को भी नोटिस जारी किया है।

# भगवान की प्रसन्नता में प्रसन्न हो वही होता है भक्त : पं. शास्त्री





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। व्यक्ति को भगवान नाम का संकीर्तन ही भवसागर से पार कर सकता है। भागवत से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों की प्राप्ति होती है। जीवन में विनम्र होना बहुत आवश्यक है। हमें हर व्यक्ति के प्रति विनम्र भाव रखना चाहिए, भक्त वहीं है जो भगवान की प्रसन्नता में प्रसन्न रहे। हमारी प्रसन्नता उसमें होना चाहिए जिसमें भगवान की प्रसन्नता हो, शिष्य वहीं तो गुरु की प्रसन्नता में प्रसन्न रहे। पुत्र वही है जो पिता की प्रसन्नता में प्रसन्न रहे, पति-पत्नी वही जो एक दूसरे की प्रसन्नता में प्रसन्न रहे, हर व्यक्ति को हमेशा प्रसन्नचित्त होकर जीवन जीना चाहिए।

कथा को अनुष्ठान की पद्धति से श्रवण करना चाहिए भगवान की कथा रस है। भगवान की कथा हमेशा श्रवण करना चाहिए। इंदौर के भक्त बहुत ही सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें कथा श्रवण करने का अवसर मिल रहा है, जिन्हें भगवान ने बुलाया है वही कथा श्रवण करने आए हैं। जीवन में साधु-संतों की कृपा जरूर होना चाहिए। यह बातें सोमवार को बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आईटीआई रोड स्थित मां कनकेश्वरी देवी गरबा परिसर पर स्व. रामरतन चौधरी व श्रीमती भगवती देवी चौधरी की पावन स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कही। विधायक रमेश मेंदोला, मुख्य यजमान अक्षत रामचंद्र चौधरी ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् कथा के दूसरे दिन हजारों भक्तों का जनसैलाब उमड़ा, गर्मी को देखते हुए पंडाल में उचित व्यवस्था की है, जिससे भक्तों को परेशानी न हो।

कथा में सोमवार को बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। हजारों मातृशक्ति भजनों पर खूब झूमी, राधे-राधे के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा 4 मई तक प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगी। व्यासपीठ का पूजन अर्चन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, अक्षय क्रांति बम, चिंटू वर्मा, सूरज रजक, रामचंद्र चौधरी, अक्षत चौधरी ने किया। कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से प्रतिदिन 4 मई तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक मां कनकेश्वरी गरबा परिसर, आईटीआई रोड परिसर पर होगी।

# डेढ़ साल से अधूरा पड़ा है हाथीपाला पुल की एप्रोच रोड का निर्माण

## अधिकारियों को निर्देश देने के बाद भी नहीं बनी रोड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाथीपाला पुल की एप्रोच रोड के अधूरे निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। लोगों ने इस अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय विधायक से गुहार लगाई है। हालांकि चुनाव प्रचार की व्यस्तता के कारण वे लोगों से नहीं मिल सके है। एक दो दिनों बाद क्षेत्रीय लोग फिर से विधायक से मिलकर इस परेशानी को दूर करने की मांग रखेंगे। हाल ही में निगम कमिश्नर ने भी इस अधूरे निर्माण को लेकर निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्माण पुरा करने के निर्देश दिए थे।**

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों निगम आयुक्त ने पुल की एप्रोच रोड का अधूरा काम देख तत्काल शुरू करने के आदेश संबंधित अफसरों को दिए थे। उनके आदेश को अफसरों ने हवा कर दिया, क्योंकि रोड का काम शुरू नहीं हुई है जो कि लंबे समय से अटका पड़ा है। वैसे, इस अधूरे पुल पर से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। इस अधूरे निर्माण से परेशान क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक से रोड पुरी बनवाने के लिए सम्पर्क किया था, लेकिन वे चुनाव की व्यस्तता के कारण नहीं मिल सके थे। लोगों ने बताया की वे फिर से विधायक से मिलकर अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए गुहार लगाएंगे।

जवाहर मार्ग और हाथीपाला चौराहा को जोडऩे वाला कान्ह नदी का पुल तोडक़र नया बना दिया गया है। इस काम को पूरा करने की मियाद 6 माह रखी गई थी, लेकिन तय समय में काम पूरा नहीं हुआ और डेढ़ वर्ष से अधिक लग गया। बावजूद इसके पुल का काम अधूरा है, क्योंकि नदी पर पुल ती बन गया पर एक तरफ एप्रोच रोड नहीं बनाई गई है। पिछले दिनों जब हाथीपाला पुल का निरीक्षण करने निगमायुक्त शिवम वर्मा पहुंचे थे, तब उन्होंने संबंधित अफसरों को आदेशित किया था कि पुल का अधूरा काम तत्काल शुरू कर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### बरसात से पहले काम पूरा करने के निर्देश

उन्होंने बरसात के पहले-पहले यह काम पूरा करने के निर्देश दिए है। उनके इस आदेश को जिम्मेदार अफसरों ने हवा में उड़ा दिया है, क्योंकि हाथीपाला पुल पर अभी तक न तो अधूरे पड़े काम पूरे होना शुरू हुए और न ही एप्रोच रोड बनाने का काम किया जा रहा है। हाथीपाला चौराहा की तरफ से एक साइड रोड बनी है, लेकिन दूसरी साइड उबड-खाबड़ है। निगमायुक्त वर्मा ने बरसात के पहले-पहले हाथीपाला पुल का काम खत्म करने के आदेश दिए है ताकि जल जमाव की स्थिति न बने और यातायात बाधित न हो। हालांकि अधूरे पुल से लोगों ने आवागमन अलग शुरू कर दिया है। पुल की एक साइड से यह आवागमन किया जा रहा है, क्योंकि दूसरी तरफ सामान रखकर रास्ता बंद किया हुआ है।

# इंदौर में दिव्यांगजन विभिन्न माध्यमों से करेंगे मतदाताओं को जागरूक

**इंदौर।** इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किये जा रहे है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में स्वीप अभियान का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो रहा है। इसके तहत दिव्यांगजन भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी हिस्सेदारी के लिए आगे आ रहे है। दिव्यांगजन वाहन रैली, क्रिकेट मैच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 मई को शाम 6 बजे से दिव्यांगजन तिपहिया वाहन(रेट्रोफिटिंग स्कूटी) के माध्यम से रैली निकालेगें। यह रैली शाम 6 बजे से नेहरू पार्क से प्रारंभ होगी। रीगल चौराहा होते हुये यशवंत क्लब मैदान पर सम्पन्न होगी। इसके पश्चात 5 मई को शाम 5 बजे से एमराल्ड हाईट्स स्कूल मैदान में दिव्यांगजनों का व्हीलचेयर क्रिकेट मैच रखा गया है। इसी तरह 7 मई को दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी देगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित किया गया है। इन कार्यक्रमों से इंदौर के कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जायेगा।

# मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के लिए रहेंगे समुचित प्रबंध

**इंदौर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट रहें। तेज गर्मी से बचाव के लिए भी अन्य जरूरी व्यवस्था करें। सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथ-साथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

# इंदौर में महिला कांग्रेस ने जलाया अक्षय बम का पुतला

## लगाया नारा "अक्षय बम एक काम कर चूड़ी पहन के डांस कर"



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले इंदौर प्रत्याशी अक्षय कांति बम के नामांकन फॉर्म वापस लेने और बीजेपी में शामिल होने के बाद सियासत में मानो भूचाल आ गया हो। जिसके बाद महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और अन्य महिला नेत्रियों ने पत्रकार चौराहे पर अक्षय कांति बम का पुतला दहन किया। पुतला दहन के पहले नोटों की बनी माला भी पुतले को पहनाई और कई तरह के आरोप भी बीजेपी पर लगाए।**

इंदौर कांग्रेस की और से लोकसभा के प्रत्याशी रहे अक्षय कांति बम के खिलाफ कांग्रेस का गुस्सा देखा जा रहा है। अक्षय कांति बम के नाम वापस ले लेने के बाद शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीला मिमरोट भाटिया और साथी महिला नेत्रियों ने पत्रकार चौराहे पर एक पटल पर अक्षय कांति बम का फोटो लगाकर उसे नोटों की माला पहनाई, फिर आग के हवाले कर दिया। मीडिया से बात करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कई आरोप भाजपा पर भी लगाए और अक्षय कांति बम पर भी जमकर निशाना साधा। मीडिया से बात करते हुए एक और महिला नेत्री ने जलाए गए पुतले को लेकर कहा कि हमने अक्षय का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# प्रेम प्रसंग में युवती ने धोखा दिया, युवक ने जान दे दी

### आत्महत्या के पहले वीडियो बनाकर अपनी मौत का कारण एक युवती को बताया, अम्मी-पापा से माफी भी मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। आगर रोड स्थित एकता नगर में रहने वाले एक युवक ने रविवार रात को सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने अपनी मौत से पहले वीडियो बनाया और अपनी मौत का कारण एक युवती को बताया, जिससे उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। साथ ही उसने रोते हुए अपनी अम्मी और पापा से माफी मांगी और कहाकि अब रहा नहीं जा रहा है। पुलिस युवक के वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।**

चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि एकता नगर में रहने वाला शोएब पिता शाकिर खान उम्र 24 साल मिस्त्री का काम करता था, रविवार देर शाम को उसने जहर खा लिया, जिसके बाद जिला अस्पताल में शोएब को भर्ती कराया गया था। लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई। शोएब ने आत्महत्या करने से पहले अपने कुछ वीडियो बनाए और उसमे अपनी प्रेमिका का जिक्र किया। वीडियो में शोएब ने लड़की द्वारा धोखा देने की बात कही। इसी से नाराज होकर उसने जहर खाकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। शोएब का उसके घर के सामने रहने वाली उसी के संप्रदाय की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने यह बात युवती के पिता और बहन को भी बताई थी। लेकिन इसके बावजूद उसको अमीर घर का रिश्ता आया तो उसने मुझे ठुकरा दिया और लात मारकर बाहर कर दिया। इसी के चलते शोएब ने आत्महत्या का कदन उठाया।

# अमेरिका से आए सॉफ्टवेयर इंजीनियर की होटल में मौत

### 15 दिन पहले ही पत्नी और बच्चों के साथ आया था इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। नानाखेड़ा स्थित एक होटल में अमेरिका से आए सॉफ्टवेयर इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई, मृतक इंदौर का रहने वाला था और दो दिन पहले ही परिवार वालों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।**

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि रिद्धि सिद्धि होटल के मैनेजर ने सूचना दी थी कि कमरे से एक यात्री का आज चेक आउट था लेकिन वो अंदर से दरवाजा नहीं खोल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर देखा तो युवक बेड के नीचे पड़ा हुआ था। हालाँकि इस दौरान बेहोशी की हालत में था और उसकी सांसें चल रही थीं। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया कर परिवार वालों को सूचित किया लेकिन रात को युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक देवनाथ पिता आलोक नाथ उम्र 37 वर्ष है। वो विष्णुपुरा इंदौर का रहने वाला था। कुछ दिन पहले वो अमेरिका से अपने घर इंदौर आया था। देवनाथ की पत्नी भी अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। पुलिस ने आशंका जताई है कि देव ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी है। हालांकि ये पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# पड़ोसियों के बीच पानी भरने के विवाद में पत्थर चले

### दोनों पक्षों में महिला सहित तीन लोग हुए घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। सोमवार को सुबह पानी भरने के विवाद में पड़ोसियों के बीच पत्थर चले। जिसमें एक महिल सहित तीन लोग घायल हुए है। महाकाल थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया व शिकायत दर्ज की है।**

पुलिस ने बताया कि बिंदु पिता धुल माली 42 वर्ष निवासी पीपली बाजार जयसिंहपुरा की पत्नी रूकमा घर के बाहर पानी भर रही थी तभी गणेश व उसके भाई राजा ने विवाद शुरू किया। बिंदु उन्हें समझाने गया तो दोनों भाईयों ने मिलकर उस पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया व रूकमा को भी पीटा। वहीं दूसरे पक्ष के गणेश ने बताया कि मैंने दुकान के बाहर नल लगवाया था लेकिन बिंदु और उसकी पत्नी हमें ही पानी नहीं भरने दे रहे थे, बिंदु ने पत्थर से हमला कर सिर फोड़ा है। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाकर मामला जांच में लिया है।

# पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, विधायक विक्रांत भूरिया पर एफआईआर

### आलीराजपुर में रेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और झाबुआ से कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर आलीराजपुर के जोबट थाना क्षेत्र में गैंगरेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने का आरोप है। एक महिला ने जोबट पुलिस थाने में आवेदन देकर दोनों नेताओं की शिकायत की है। जोबट थाना टीआई सोनू शितोले ने बताया कि पुलिस ने धारा 228,, भादिव, 23 पाक्सो एक्ट और 74 जेजे एक्ट में दोनों नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

बता दें कि शुक्रवार को जोबट थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की एक आदिवासी बच्ची से गैंगरेप की वारदात हुई थी। रविवार को जीतू पटवारी और विक्रांत भूरिया पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। दोनों नेताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। दोनों नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पीड़ित परिवार के फोटो शेयर किए थे।

अलीराजपुर एसपी राजेश व्यास ने बताया कि संगीता बघेल नाम की महिला ने दोनों के खिलाफ जोबट थाने में लिखित आवेदन दिया है। उसने शिकायत में कहा कि जीतू पटवारी और विक्रांत भूरिया के ने अपने ट्विटर अकाउंट पर दुष्कर्म पीड़ित के परिवार के फोटो डाले। जिसमें उसका घर, उसके रिश्तेदार के चेहरे दिख रहे हैं। जिससे पीड़िता की पहचान हो रही है। आवेदक की शिकायत पर जोबट थाना में दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ये है पूरा मामला

आलीराजपुर के जोबट थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को 11 साल की एक आदिवासी लड़की से गैंगरेप की वारदात हुई थी। पुलिस के मुताबिक लड़की अपनी दो सहेलियों के साथ एक शादी समारोह से घर लौट रही थी। इस दौरान वो खेत में शौच के लिए रुक गई। तभी 14 से 18 साल की उम्र के दो लड़कों ने खेत में लड़की के साथ बलात्कार किया। पीड़ित की चाची उसे जोबट अस्पताल ले गई। जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में दोनों लड़कों और उन्हें घटनास्थल से भागने में मदद करने वाले शख्स के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया है। तीनों को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## पीड़ित परिवार से मिले थे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पीड़ित के गांव पहुंचकर परिवार से मिले थे। मीडिया से चर्चा में पटवारी ने आरोप लगाया था कि पीड़िता की अस्मत जिले में राजनीतिक रूप से रसूखदार परिवार के रिश्तेदार ने लूटी है। स्थिति इतनी भयावह है कि पीड़िता को यहां से इंदौर रेफर करना पड़ा है। पटवारी ने इस बात पर नाराजगी जताई कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी कलेक्टर और एसपी अब तक पीड़ित परिवार के पास नहीं पहुंचे।

# बिजुरी में जल संकट :पार्षद सीएमओ के सामने रो पड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर। जिले की नगरपालिका बिजुरी की जनता इन दिनों पानी की किल्लत से जूझ रही है। यहां की जनता ज्यादा समय पानी के लिए परेशान रहती है। बावजूद इसके कि नगरपालिका इन दिनों 15 टैंकर रोजाना 9 से 10 ट्रिप के जरिए पानी सप्लाई कर रही है।**

वार्ड नम्बर 7 की पार्षद विमला पटेल पानी की समस्या को लेकर सोमवार सुबह नगरपालिका पहुंच गई। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 7 में पिछले कई दिनों से पानी ठीक तरह से नहीं दिया जा रहा है। अन्य वार्डों के लोग टैंकर आते ही उसे घेरकर खड़े हो जाते हैं, जिससे हमारे वार्ड के रहवासियों को पानी नहीं मिल पाता है। पानी की समस्या को बताते-बताते महिला वार्ड पार्षद विमला पटेल सीएमओ के सामने रो पड़ी। इसके बाद सीएमओ ने तुरंत पानी के टैंकर को रवाना किया।

### दम तोड़ती शिक्षा व्यवस्थाएं

# टीचर हैं, बच्चे हैं लेकिन स्कूल भवन ही नहीं है, निजी मकानों और झोपड़ियों में चल रहे स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** जिले के पाटी ब्लॉक के स्कूलों की हकीकत जानने दैनिक भास्कर की टीम पहुंची। तो जो देखने को मिला वो बहुत ही चौकाने वाला था। पाटी ब्लॉक में कई जगहों पर स्कूल झोपड़ी में चल रहे है। तो कई स्कूल किराए के भवन में संचालित हो रहे है। इतना ही नहीं कई तो लापरवाही का ऐसा आलम था कि स्कूल के निर्माण को बरसों बीत जाने के बाद भी बच्चों को छत तक नसीब नहीं थी। पाटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत चेरवी एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं। कहने को तो सरकारें आदिवासियों के विकास की खूब बात करती हैं लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। यहां पर चल रही स्कूलों के पास अपने भवन ही नहीं है। कुछ इलाकों में यहां बच्चें टीले पर झोपड़ीनुमा स्कूल में पढ़ने को मजबूर है। बताया जाता है कि साल 2010 में जबरदस्त बाढ़ में यहां का स्कूल भवन बह गया तब से ये स्कूल झोपड़ी में ही लग रहा है। जबकि शिक्षक और रहवासियों ने स्कूल भवन के लिए कई बार अधिकारियों से आवेदन किया और गुहार लगाई लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई, और करीब 14 सालों से इसका काम अधूरा है। ऐसा हाल जिले के एक या दो इलाकों का नहीं है बल्कि पाटी विकासखंड के सगबारा मथमाल, मेंढकी माल और बोरकुंड ग्राम पंचायत चेरवी, ग्राम पंचायत पिपरकुण्ड का कंजानिया फलिया , वन ग्राम का गायघाट और भादल का भी यही हाल है। यहां भादल में भवन तो है लेकिन जर्जर होने से यहां अब स्कूल नहीं लगती। यहां शिक्षकों को भी बच्चों की जान का खतरा होने के चलते वो भी निजी भवनों में स्कूल चलाने को मजबूर है, बता दें कि बड़वानी जिला आदिवासी बहुल जिला है। सरकार इन जिलों में योजना बना कर आदिवासियों के उत्थान के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन जमीन पर इन पैसों का सही इस्तेमाल होता नहीं दिख रहा है।

# राजस्थान से पकड़ाई भोपाल की लुटेरी दुल्हन

### 1.50 लाख रुपए लेकर मां ने कराई थी शादी; अब तक तीन युवकों से कर चुकी है शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल की जहांगीराबाद पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गिरोह का पदार्फाश किया है। पकड़ाई महिला अब तक 3 युवकों से शादी कर ठगी कर चुकी है। वह शादी के बाद मौका पाकर जेवरात और नकदी लेकर चंपत हो जाती थी। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन सहित एक महिला और पुरुष के खिलाफ ऋकफ दर्ज की है। ये सभी सभी शादी के नाम पर ठगी किया करते थे।**

## ऐसे पकड़ाया पूरा गिरोह

पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी महिला ललिता मानेकर (47) ने 13 अप्रैल को जहांगीराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। कहा- मेरी बेटी सरिता महाजन (28) जहांगीराबाद के बरखेड़ी स्थित घर से घर से बिना बताए कही चली गई है। वह अपनी दोनों बेटियां (एक 5 और 7 वर्ष) को मेरे पास छोड़ गई है। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की।

2 दिन बाद 15 अप्रैल को ललिता मानेकर ने फिर थाने पहुंचकर बताया कि मेरी बेटी सरिता को कोई बहला फुसलाकर राजस्थान ले गया। वहां उसे डेढ़ लाख रुपए में बेच दिया है। पुलिस को संदेह हुआ तो उन्होंने ललिता मानेकर से पूछताछ की। तब ललिता ने बताया कि मैने ही बेटी सरिता की राजस्थान के रहने वाले सोनू शर्मा से शादी कराई है। इसमें सोहेल नाम के व्यक्ति ने मदद की है। इससे पहले उसकी तीन शादी हो चुकी हैं। ललिता ने पुलिस को बताया कि उसके गिरोह के लोग नोटरी कराकर शादी करवा देते हैं। उसके बाद मौका देखकर सरिता वापस अपने घर आ जाती है। पूछताछ के बाद एक टीम लड़की की बरामदगी के लिए राजस्थान के झालावाड़ स्थित बकानी थाना क्षेत्र में पहुंची। जहां से लड़की को बरामद कर लिया गया।

## राजस्थान पुलिस ने की कार्रवाई

सरिता के मिलने के बाद बकानी पुलिस को केस की जानकारी दी गई। वहां पुलिस ने सोनू शर्मा की रिपोर्ट पर घटना में शामिल सरिता महाजन (लुटेरी दुल्हन), सुनीता ठाकुर और इंदर सिंह गुर्जर (निवासी बकानी, जिला झालावाड़) के खिलाफ धारा 406, 420, 506 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। फरार आरोपी सोहैल की तलाश की जा रही है।

## सरिता ने पूछताछ में यह खुलासे किए

पुलिस की पूछताछ में सरिता महाजन ने बताया कि सोनू शर्मा के लिए उसने अपना गुंजन रखा था। इसी नाम से आधार कार्ड व वोटर आईडी तैयार किया गया था। इन्ही दस्तावेजों की मदद से नोटरी कराकर शादी की है। इस प्रकार गैंग के अन्य सदस्य सुनीता ने अपना नाम अनीता बताया, और लड़के वालों के समक्ष लड़की की मौसी बनकर प्रस्तुत हुई थी। सोहल लड़के वालों के समक्ष अपना नाम राकेश बताकर लड़की का भाई बनकर प्रस्तुत हुआ है।

# संपादकीय


## अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका

*किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसे हालात से बचा जा सके। हैरानी की बात है कि उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष आग लगने और उससे व्यापक नुकसान होने की घटनाओं के बावजूद इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती। इस बार फिर नैनीताल और उसके आसपास के जंगलों में आग लगी और फैल कर खतरनाक शक्ल ले चुकी है। बीते दो-तीन दिनों में कुमाऊं के जंगलों में पच्चीस से ज्यादा जगहों पर आग लग गई। वनाग्नि की इन घटनाओं में जहां करीब चौंतीस हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है, वहीं नैनीताल और आसपास के इलाकों में पर्यटन कारोबार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। आग बुझाने के लिए भीमताल के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उस झील में पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ गई हैं। इससे इलाके की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। ऐसा नहीं कि उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं। विडंबना है कि प्रत्यक्ष आशंका और खतरा होने के बावजूद गर्मी की शुरुआत के पहले सरकार की ओर से आग लगने के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर बचाव और आग को फैलने से रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा सके। जंगल में कुछ ऐसे खाली क्षेत्र तैयार किए जा सकते हैं, जहां जलाशय बनाए जा सकते हैं कि अगर किसी क्षेत्र में आग लगे, तो उसे फैलने से रोका जा सके और बुझाने में मदद मिले। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि क्या आग लगने की घटनाओं में कुछ अराजक तत्त्वों का हाथ है! मगर आम हो चुकी वनाग्नि की घटनाओं के बावजूद सरकार को इस ओर ध्यान देना शायद जरूरी नहीं लगता। नतीजतन, हर वर्ष राज्य में जंगलों का बड़ा हिस्सा वनाग्नि से तबाह होता है।*

**अर्ज किया है..!**

*क्या करिश्मा है मिरे*
*जज़्बा-ए-आज़ादी का*
*थी जो दीवार कभी*
*अब है वो दर की सूरत*

*-अख़्तर अंसारी अकबराबादी*




**Health is Wealth**

# दही में नमक या चीनी करता है नुकसान?

## जानें कैसे मिलता है ज्यादा फायदा

खाने के साथ दही खाने से आपके भोजन की पौष्टिकता बढ़ जाती है। दही में काफी मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, यह बात हम सब जानते हैं। इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन्स और हेल्दी बैक्टीरिया होते हैं जो हमारी गट हेल्थ यानी पेट के लिए अच्छे होते हैं। दही को लेकर कई तरह के मिथक हैं। जैसे कुछ लोग सोचते हैं कि दही खाने से गला खराब हो जाता है या रात और सर्दी में दही नहीं खाना चाहिए। जानें दही से जुड़ी कुछ काम की बातें।



### दही में नमक डालने से नुकसान?

दही में नमक मिलाकर खाने से नुकसान होता है, यह बात कई सोशल मीडिया रील्स पर भी वायरल है। डॉक्टर्स की मानें तो दही में नमक मिलाने से इसका फ्लेवर बढ़ जाता है। इससे नुकसान तो नहीं होता हालांकि फायदा कम हो जाता है। दही में लैक्टोबेसिलस बैक्टीरिया पाए जाते हैं। ये हमारे पेट और इम्यूनिटी के लिए अच्छे होते हैं। जब आप इसमें चीनी या नमक मिलाते हैं तो उनके डिस्ट्रॉय होने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आप प्रोबायोटिक फायदे के लिए खा रहे हैं तो सादा दही खाना बेहतर है।

**नोटः** दही बनाने के बाद इसे ज्यादा दिन तक न रखें। हमेशा ताजा दही खाएं। दही बनने के 24 घंटे के अंदर ही खा लें।

### रात में दही करता है नुकसान?

दही सिर्फ हेल्थ के लिहाज से ही अच्छा नहीं बल्कि आपके खाने का जायका भी बढ़ा देता है। लोग रायता, छाछ, लस्सी, मीठा दही या सादा दही इसे कई रूप में खाने के साथ लेते हैं। दही की न्यूट्रीशनल वैल्यू अच्छी होने के बाद भी कई लोग दही खाने से डरते हैं। ज्यादातर हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि सर्दी में या रात में दही खाने से नुकसान नहीं होता। यह प्रोबायोटिक है। इसमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, इसकी वजह से जुकाम होना संभव नहीं है।

### दही नहीं एलर्जी है गला खराब होने की वजह

यह जरूर हो सकता है कि आपको दही से एलर्जी हो तो गले में दिक्कत हो सकती है। ऐसी एलर्जी किसी और फूड से भी हो सकती है तो आपको ये चेक करना होगा कि आपको किन चीजों से एलर्जी है। वायरल या जुकाम में दही का कोई रोल नहीं है।

### योगर्ट या दही क्या है बेहतर?

आजकल लोग योगर्ट को प्रोबायोटिक के रूप में खाते हैं। इसमें आर्टीफिशियल फ्लेवर और शुगर भी डाली जाती है। अगर आप दही की जगह ये सोचकर योगर्ट खा रहे हैं कि यह ज्यादा हेल्दी है तो दोबारा सोचें।

### क्या कहता है आयुर्वेद

आयुर्वेद में बताया जाता है कि अगर आप दही खा रहे हैं तो इसको कभी अकेला न खाएं, इसमें काली मिर्च, चीनी या भुना पिसा जीरा मिलाएं।

Chhattisgarh

# छत्तीसगढ़ में चल रहा बड़ा एनकाउंटर, जवानों ने नक्सलियों को कई जगहों पर घेरा; अब तक 4 ढेर

**बस्तर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में मंगलवार सुबह से एक बड़ा एनकाउंटर चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, बस्तर के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने नक्सलियों को कई जगहों पर घेरा है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ की टीमें अबूझमाड़ की जंगलों में मौजूद हैं। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही है। इस एनकाउंटर में अब तक 4 नक्सली ढेर हो चुके हैं।

इस एनकाउंटर पर आईजी पी सुंदरराज से लेकर एसपी प्रभात कुमार तक नजर बनाए हुए हैं। खबर है कि नक्सलियों को जवानों ने जंगल में कई जगह से घेर लिया है। खबर लिखने तक जवानों और नक्सलियों की



मुठभेड़ जारी है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले में जवान नक्सलियों की मौजूदगी वाले इलाके में हैं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने मुठभेड़ होने की पुष्टि कर दी है। हालांकि इस एनकाउंटर में नक्सलियों का कितना नुकसान हुआ है, यह अभी साफ नहीं हो सका है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 4 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मुठभेड़ लगातार जारी है। बता दें कि कुछ दिनों पहले जवानों ने कांकेर जिले के छोटे बेठिया में 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को सात महिला नक्सलियों समेत 23 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे।

New Delhi

## पीछे से वार नहीं करता, पाकिस्तान को पहले ही बता दिया था

### बालाकोट एयरस्ट्राइक पर पीएम मोदी



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बागलकोट चुनावी रैली में 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी पीछे से वार नहीं करता है। इसलिए मैंने एयरस्ट्राइक के बाद सबसे पहले पाकिस्तानी अधिकारियों को फोन करके बताया कि तुम्हारे इतने आतंकी मारे गए हैं। इसके बाद दुनिया को अपने ऐक्शन के बारे सूचित किया। पाकिस्तान से बात करने तक मैंने रक्षा बलों को प्रेस कांफ्रेंस होल्ड पर रखने के लिए कहा था।

सोमवार को कर्नाटक के बागलकोट में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में उनके आतंकी शिविरों पर एयरस्ट्राइक की थी। इस जवाबी कार्रवाई के बाद जब सेना मीडिया को फोन करने और हवाई हमलों के बारे में सूचित करने जा रही थी तो मैंने कहा कि इससे पहले मैं पाकिस्तानी अधिकारियों को फोन पर स्ट्राइक के बारे बताऊंगा, लेकिन पहले उन्होंने फोन नहीं उठाया।''

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'जब उन्होंने फोन नहीं उठाया तो मैंने सेना को इंतजार करने के लिए कहा। पाकिस्तानी अधिकारियों को सूचित करने के बाद, हमने दुनिया को रात में हुए इस हवाई हमलों के बारे में बताया।

Rajasthan

## कोटा में कोचिंग छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, 5 मई को था नीट का पेपर

**कोटा, (एजेंसी)** कोटा से एक दुखद खबर सामने आई है. नीट की तैयारी कर रहे एक कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया. मृतक सुमित (20) हरियाणा का निवासी था. वह कुन्हाड़ी लैंडमार्क सिटी स्थित हॉस्टल में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रहा था. कोटा में इस साल की यह 9वीं घटना है. पिछले साल 2023 में 29 बच्चों ने सुसाइड किया था. 5 मई को उसका नीट का एग्जाम था. वह पिछले 1 साल से कोटा में उत्तम रेजिडेंसी, 03.डी.09 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी कुन्हाड़ी में रहकर नीजी कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहा था. उसने अपने हॉस्टल के रूम नंबर 108 के अंदर पंखे में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के परिजनों को मोबाइल पर सूचना दी. मृतक छात्र के शव को फंदे से नीचे उतार कर एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया. छात्र के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा. फिलहाल छात्र के सुसाइड के कारणों का पता नहीं लग पाया है. परिजन आने पर आगे की जांच करवाई की जाएगी. छात्र सुमित रविवार शाम तक कमरे से बाहर नहीं आया था. घर वाले भी उसको लगातार फोन कर रहे थे. घरवालों के कई बार फोन करने के बाद जब सुमित ने फोन नहीं उठाया तो घरवालों का दिल घबरा गया।

New Delhi

## पति ने की ऐसी हरकत कि खूब भड़की दुल्हन, शादी के दूसरे दिन ही मांगा Divorce

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** शादी ब्याह में अकसर छोटे मोटे विवाद के चलते रिश्ते टूट जाते हैं. इसी तरह हाल में एक महिला ने मामूली बात पर शादी के दूसरे दिन ही अपने पति को तलाक देने का फैसला कर लिया. परिवार और रिश्तेदारों के लाख समझाने पर भी लड़की मानने को राजी नहीं है.

द मिरर की खबर के अनुसार उसने कहा कि पहले तो उसे कभी भी शादी में दिलचस्पी नहीं थी लेकिन जब उसके बॉयफ्रेंड ने उसे प्रपोज किया तो उसने हां कर दिया, और शादी का फैसला किया। दोनों ने शादी का आधा- आधा खर्च उठाया. लेकिन इस शादी को लेकर दोनों ने एक रूल बनाया था जिसे तोड़ने पर वह इस कदर नाराज हो गई. उसने कहा कि उसने केवल एक ही सख्त नियम रखा था- और वो यह था कि पति को रिसेप्शन में उसके चेहरे पर केक नहीं रगड़ना था. लेकिन उसने वही किया और उसके सिर के पीछे से पकड़कर केक में धकेल दिया था। महिला का कहना है कि पहले से समझाने के बावजूद पति ने ये सब कुछ पूरी प्लानिंग से किया था और एक बैकअप केक रखा था. जब उसने मुझे केक मल दिया तो मैं भड़ककर इसके बाद तेजी से वहां से चली गई. लोग मुझे गुस्से में शादी न तोड़ने की नसीहत दे रहे हैं लेकिन मैं अडिग हूं.

महिला ने कहा कि उसे क्लौस्ट्रफ़ोबिया है और इसलिए वह य सब नहीं चाहती थी.उसने कहा कि जब उसका सिर केक में ठूंस दिया गया तो वह घबरा गई. उसने कहा- मैंने तय कर लिया के इस आदमी से शादी करने की गलती नहीं कर सकती. फिलहाल महिला फैसले के अनुसार तलाक लेने के लिए तैयार है.

खेल

# ऑलराउंड प्रदर्शन ने केकेआर को दिलाई छठी जीत सॉल्ट ने ठोका पचासा

### अक्षर पटेल को मिले दो विकेट

**कोलकाता, (एजेंसी) आईपीएल 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत हासिल कर ली। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद केकेआर के खाते में अब 12 अंक हो गए हैं। वहीं, उनका नेट रनरेट 1.096 का हो गया है जबकि दिल्ली इस सीजन की छठी शिकस्त के साथ छठे पायदान पर खिसक गई है।**

ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 157 रन बनाए। इस मैच में फिल सॉल्ट और सुनील नरेन ने केकेआर को



अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट 79 रनों की साझेदारी हुई। नरेन 10 गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में जोरदार अर्धशतक लगाया। यह उनके बल्ले से इस सीजन का चौथा अर्धशतक निकला। सॉल्ट ने 33 गेंदों का सामना किया और सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड किया।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रिंकू सिंह सिर्फ 11 रन बना सके। उन्हें लिजाड विलियम्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद मोर्चा श्रेयर अय्यर और वेंकटेश अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 57 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। कप्तान ने 33 और वेंकटेश ने 26 रन बनाए। इस मुकाबले में दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। अक्षर पटेल को दो और लिजाड विलियम्स को एक विकेट मिला। इन दोनों के अलावा कोई भी गेंदबाज सफलता हासिल नहीं कर सका।

दिल्ली ने कोलकाता के खिलाफ 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी क्रम को इस मुकाबले में संघर्ष करते देखा गया। पावरप्ले में टीम ने तीन विकेट खो दिए। शॉ 13, मैकगर्क 12 और होप छह रन बनाकर आउट हुए। अगले ओवर में दिल्ली ने अपना चौथा विकेट भी खो दिया। हर्षित राणा ने अभिषेक पोरेल को 68 रन के स्कोर पर बोल्ड किया। वह 15 गेंदों में सिर्फ 18 रन बना सके।

सिनेमा

## 'मैंने अपनी नाव डुबाकर उसकी राह को आसान बना दिया...', मरने से पहले भोजपुरी एक्ट्रेस ने WhatsApp पर डाला था स्टेटस



भागलपुर के आदमपुर जहाज घाट स्थित दिव्यधर्म अपार्टमेंट में भोजपुरी एक्ट्रेस अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई. घटना की जानकारी होने पर जोगसर पुलिस मामले की जांच के लिए पहुंची थी. पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल से जांच कराई. मौके से गले में लगा साड़ी का फंदा, मोबाइल समेत अन्य सामग्री जब्त की गई है. भोजपुरी, हिंदी समेत कई फिल्मों और सीरियल, वेब सीरीज और विज्ञापन में भी अन्नपूर्णा काम कर चुकी थीं. मरने से पहले भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे ने अपने WhatsApp स्टेटस पर लिखा, ''दो नाव पर सवार है उसकी जिंदगी. हमने अपनी नाव डुबाकर उसकी राह को आसान कर दिया.'' इधर, जोगसर पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि अपार्टमेंट में एक महिला ने खुदकुशी की है. जानकारी मिलते ही थानेदार कृष्ण नंदन कुमार सिंह, एसआई राजीव रंजन और शक्ति पासवान मौके पर पहुंचे. फ्लैट में पहुंचने पर अमृता का शव एक बेड पर पड़ा हुआ था. पुलिस ने जब जानकारी ली तो परिवारवालों ने बताया कि करीब 3.30 बजे बहन वीणा जब कमरे में गई तो वहां अमृता फंदे से लटकी हुई थी. आनन-फानन में फंदे से उताकर अमृता को तत्काल प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## Highlights

1. Who are the richest & poorest Lok Sabha candidates from Gujarat?
2. Razor company under fire for insensitive ad featuring Prachi Nigam
3. We stand with 'Matr Shakti': Shah in 1st reaction to Prajwal's sexual abuse videos
4. Meet Sangeeta Bahl, the oldest Indian woman to scale Mt. Everest
5. JNU professor sends lewd poems & sexually harasses student, forcing her to leave campus

# Reliance buys its first Canadian crude from Trans Mountain pipeline: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries has bought 2 million barrels of Canadian crude from Shell for July delivery, marking the Indian refiner's first oil purchase from Canada's new Trans Mountain pipeline, trade sources said.

Reliance joins a growing group of Asian refiners in buying Canadian crude to be exported from the new pipeline which is scheduled to start transporting oil in May. The Canadian government-owned pipeline expansion will nearly triple the flow of crude from Alberta to Canada's Pacific Coast and open up access to Asia and the U.S. West Coast.

Shell will perform ship-to-ship transfers to move about four 500,000-barrel cargoes of Access Western Blend (AWB) onto a Very Large Crude Carrier and ship the oil to the Sikka port, the sources said, where Reliance operates the world's biggest refining complex.




One of the sources said the deal was done at $6 a barrel discount to September ICE Brent on delivered basis.

AWB is a type of heavy and highly acidic diluted bitumen produced by Canadian Natural Resources and MEG Energy.

Sellers of Canadian oil are exploring ways to increase exports to Asia where demand is growing and as Asian refiners typically pay higher premiums.

Chinese firms Sinochem, Unipec, the trading arm of Asia's largest refiner Sinopec, and PetroChina have already bought several cargoes of AWB and Cold Lake crude from the pipeline to be delivered to China in June, trade sources said.

# Australia to ban MDH, Everest spices? Regulator 'assesses alleged contamination'

**NEW DEIHI, (Agency).** Australia's food safety agency said that it is looking into accusations of contamination related to spices of Indian companies MDH and Everest. The regulator will decide if a food recall was required, it said. With this Australian regulator becomes the latest regulator to step up scrutiny after Hong Kong suspended sales this month of three MDH spice blends and an Everest mix for fish curry.

Singapore also ordered a recall of the Everest mix as well as agencies flagged high levels of ethylene oxide in the product saying that it was unfit for human consumption and a cancer risk on long exposure.




Earlier Hong Kong said, "The CFS collected the above-mentioned samples from three retail outlets in Tsim Sha Tsui respectively for testing under its routine Food Surveillance Programme. The test results showed that the samples contained a pesticide, ethylene oxide. The CFS has informed the vendors concerned of the irregularities and instructed them to stop sale and remove from shelves the affected products."

"We are working with international counterparts to understand the issue and with federal, state and territory food enforcement agencies to determine if further action is required in Australia," Food Standards Australia New Zealand said as per news agency Reuters.

# दो महीने बंधक बनाकर रखा

## धमकी देकर करता रहा रेप, मुंहबोले देवर पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुंहबोले देवर के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराने वाली महिला ने देवर पर कई गंभीर आरोप लगाए है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे पति के खिलाफ ही झूठा बयान देने के लिए भडकाया। इतना ही नहीं दो माह तक किराए के कमरे में रखकर उसके साथ रेप करता रहा। यहां से बचकर वह पति के पास पहुंची और पूरी सच्चाई बताने के बाद आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज करा दिया।**

भंवरकुआं पुलिस से अपनी शिकायत में आरोपी देवांशु के खिलाफ रेप केस दर्ज कराने वाली मुंह बोली भाभी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 23 साल की महिला ने बताया कि आरोपी रिश्ते में देवर लगता है। 16 फरवरी को मामा के बेटे की शादी की बात करने का कहकर साथ ले गया।

वह यहां से तेजाजी चौक स्थित दोस्त के रूम पर लेकर आया। पूछने पर कुछ नहीं बताया। इसके बाद यहां अकेले में कहा कि तुम्हारा पति शराब पीने का आदी है। जो मुझे अच्छा नहीं लगता। उसने कहा कि वह मुझे पसंद करता है। मेरे बच्चों का भी ख्याल रखेगा। इस तरह की बात करते हुए देवांशु ने संबंध बनाए।

उसे रोका तो धमकाने लगा। देवांशु को पारिवारिक संबंधों का हवाला दिया। लेकिन वह नहीं रुका और कहने लगा कि तुम आज से मेरी पत्नी हो। मेरे साथ ही रहोगी। इस बात से इनकार करने पर उसने मेरे साथ मारपीट कर धमकाया और कहा कि अब कहीं नहीं जाने दूंगा और यह बात किसी को बताई तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। धमकी और डर के चलते मैं चुपचाप रही। उसके कहे अनुसार उसके रूम पर ही रही।

महिला ने बताया कि दो दिन तक घर नही पहुंची तो पति ने गुमशुदगी दर्ज करा दी। 26 फरवरी को इस बात की जानकारी लगी। इसके बाद पुलिस ने ढूंढा। यहां देवांशु अपने साथ लेकर बयान दिलवाने गया। उसने दबाव में जान से मारने की धमकी देते हुए पति के खिलाफ ही बयान दिलवा दिए। इसके बाद पति को जानकारी लगी कि देवांशु ने मुझे रखा हुआ है। तो देवांशु ने भंवरकुंआ से कमरा खाली किया और पालदा इलाके में दूसरी जगह कमरा दिलाकर वहां रखा।

पीडिता ने बताया कि राजेन्द्र नगर में बयान देने के बाद भी कई बार देवांशु रेप करता रहा। 23 अप्रैल को देवांशु किसी काम से बाहर गया। इस बात की जानकारी उसे लगी तो वह ऑटो में बैठकर अपने पति के पास बाणगंगा चली गई। पति को पूरी बात बताई कि किस तरह से देवांशु उसे अपने साथ ले गया। जान से मारने की धमकी दी और घर में ताला लगाकर कई दिनों तक बंधक रखा। पति ने मामले में हिम्मत दी और देवांशु को लेकर थाने में आकर केस दर्ज कराने की बात कही।

# क्राइम ब्रांच ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपित सुनील उर्फ आशीष पाल खुद को क्रिप्टो स्ट्रीट का सीईओ बताता था। आरोपित कंपनी में निवेश के नाम पर लोगों को राशि दोगुना करने का झांसा देकर रूपये जमा करवाता था। इसका एक साथी पूर्व में पकड़ा जा चुका है।**

क्राइम ब्रांच को पश्चिम बंगाल की फरियादिया लक्ष्मी शर्मा ने शिकायत में बताया था कि इंदौर के डा. प्रधान ने क्रिप्टो करंसी में निवेश पर प्रतिदिन एक प्रतिशत और 10 माह में चार गुना से अधिक मुनाफा देने का झांसा दिया। इसके बाद आठ लाख से ज्यादा रुपये अपनी फर्म आरएफ तीन वल्र्ड के खातों में जमाकर न मुनाफा दिया और न राशि वापस की।

क्राइम ब्रांच की पूछताछ एवं जांच में पता चला कि आरोपित की क्रिप्टो स्ट्रीट कंपनी सेबी से रजिस्टर्ड न होकर फर्जी कंपनी है, जिसे इंदौर से संचालित कर देश के विभिन्न राज्यों के लोगों को इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर क्रिप्टो करंसी की रजिस्टर्ड कंपनी होना बताकर तीन गुना मुनाफा देने जैसे झूठ बोलकर ठगी करते थे। निवेश से रुपये लेकर उन्हें क्रिप्टो करंसी में मुनाफा भेजते थे, जिन्हें निवेशकों द्वारा रीडिम करवाने पर, पैसे उनके एकाउंट में नहीं आते थे।

आरोपित ने इस प्रकार मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 18-20 लोगों को प्रतिदिन झांसे में लेते थे। करीब एक करोड़ से अधिक रुपए की ठगी की शिकायतें इनके खिलाफ मिली थी। पूर्व में मुख्य आरोपित डॉ. निरंजन प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है।

# कविता कृष्णमूर्ति मालवा संगीत सम्मान से सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मालवा रंगमंच समिति मप्र द्वारा सुप्रसिद्ध पाश्र्व गायिका पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति का मालवा संगीत सम्मान से सम्मानित किया गया, रविंद्र नाट्य ग्रह के खचाखच भरे हाल में जब कविता की इंट्री हुई तो पूरा हाल खड़ा होकर ताली बजाने लगा।

इस अवसर पर कविता कृष्णमूर्ति के पति प्रसिद्ध क्लासिकल वायलिन वादक एल सुब्रह्मण्यम भी उपस्थित थे, सम्मान से पहले मुंबई से आए गायकों ने कविता कृष्णमूर्ति के नगमे सुनाए, अनुष्का ने हम दिल दे चुके सनम.., मानसी पांडे विक्रम बजा ने ,कोई मिल गया..., अनुजा सहाय, चिंतन ने रिमझिम रिमझिम, विक्रम और प्रीती दीक्षित ने नायक नही खलनायक हूं..., सरला मेघानी ने आज में ऊपर आसमां नीचे..,कविता ने सम्मान के बाद अपनी संगीत यात्रा के बारे में बताया कि मुझे ब्रेक देने वाले संगीतकार लक्ष्मी प्यारे है, अगर गायिका नही बनती तो डॉक्टर बनती, पति एल सुब्रह्मण्यम कविता के गुरु भी रहे है, श्रोताओं की फरमाइश पर दिल ने कहा चुपके से.., बिजली गिराने में तो आई ...नगमों की प्रस्तुत दी, संगीत संयोजन इंटरनेशनल रिदम बैंड का था, कविता ने इंटरनेशनल रिदम बैंड की तारीफ की ओर कहा सभी साजिंदे मेरे हर नगमे पर मेलोडियस संगीत दे रहे थे, संगतकार दीपेश जैन, राजेश मिश्रा गुड्डू, बब्लू शर्मा, बाबला गजभिए, रिदम मिश्रा, अनूप कुलपारे, विजय राव, प्रशांत गौर, नवीन पारले ने मधुर संगीत देकर नगमों को मधुर बना दिया अध्यक्ष केशव राय ने सभी कलाकारों का सम्मान किया।

# घोटाले के मामले में दंपती गिरफ्तार

### आरोपियों की फर्म में जाता था फर्जी बिल का पैसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगर निगम में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले के मामले में एमजी रोड़ पुलिस ने सोमवार को दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित ठेकेदार राहुल बडेरा और रेणु बडेरा निवासी आशीष नगर को विजय नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह लंबे समय से बाहर फरार थे। जानकारी अनुसार आरोपित इस दौरान यह वृंदावन में फरारी काट रहे थे। मामले में पुलिस इनसे घोटाले से संबंधित पूछताछ कर रही है। बता दें कि इनकी फर्म में भी फर्जी बिल का पैसा जमा होता था। एक कंपनी राहुल से नाम से जाह्नवी इंटरप्राइजेस और क्षितिज इंटरप्राइजेस रेणु से नाम से बनी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपित राहुल का पार्षदों और अफसरों से भी अच्छा मेलजोल था। इसका फायदा उठाकर यह काम करता था।

# पुलिस ने दो आरोपी पकड़े, पांच साल से थे फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले पांच सालों से फरार थे। कोर्ट ने 30 मार्च 2023 को दोनों के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था।**

सहायक उपनिरीक्षक केके परिहार ने बताया कि सूरज सिंह पिता पृथ्वी सिंह (45) निवासी मडलावदा और रेवा शंकर पर मारपीट, चोरी, लूट की योजना बनाने के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना तंत्र को सक्रिय किया था। बीती रविवार रात सूचना मिली थी कि सूरज पवार एक ढाबे पर देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने टीम बना कर सूरज को धर दबोचा।वहीं रेवा शंकर को सोमवार सुबह उसके घर से हिरासत में लिया गया। दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। दोनों फरार वारंटी को पकडऩे में प्रधान आरक्षक नीरज मिश्रा, सूरज तिवारी, महेश यादव, शैलेंद्र और प्रमोद बामनिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंदौर एअरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

### TERRORIZERS111 ने ली जिम्मेदारी, एरोड्रम पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर एअरपोर्ट को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ईमेल पर दी गई। इस मामले में सुरक्षा अधिकारी ने शिकायत के बाद केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक एअरपोर्ट के




सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह पुत्र शिवप्रकाश सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार को अज्ञात मेल आईडी 666darktriad@gmail.com से एअरपोर्ट की मेल आईडी पर मेल किया गया। जिसमें विमान ओर एअरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस मामले में TERRORIZERS111 ने जिम्मेदारी लेने की बात कही है। एअरपोर्ट सिक्योरिटी प्रबधंक ने इस मामले में एक लेटर दिया। इसके बाद मामले में कार्रवाई की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक